अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
भोजपुर पथ अंचल, पथ निर्माण विभाग, आरा।

Mob. No. - +91 9470001337 **E-mail ID – sercdbhojpur@gmail.com**

दिनांक 08.10.2024 को अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा द्वारा पथ प्रमंडल, बक्सर के पथ का निरीक्षण प्रतिवेदन :–

उपस्थित पदाधिकारीगण :–

(1) श्री रणजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर।
(2) श्री चन्दन कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमण्डल, चौसा।
(3) श्री विनायक शंकर, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, बक्सर।
(4) श्री रबिन्द्र कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमण्डल, बक्सर।

(1) बुनियादी स्कूल से आई0टी0आई0 (जेल पईन) पथ :–

(a) प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :– रू0 1499.00 लाख।
(b) पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि :– रू0 1378.38 लाख।
(c) एकरारनामा की राशि :– रू0 1292.32171 लाख।
(d) कार्य प्रारम्भ करने की तिथि :– 08.06.2023
(e) कार्य समाप्ति की तिथि :– 07.03.2024

इस पथ की कुल लम्बाई 1.50 कि0मी0 एवं चौड़ाई–10.00 मी0 है। इस पथ में सात निश्चय 2 सुलभ संपर्कता के तहत् उन्नयन कार्य कराया जा रहा है।

पथ निरीक्षण के क्रम में 1.50 कि0मी0 लम्बाई में GSB, WMM, DBM एवं BC (Two Lane Paved Shoulder), Road Marking एवं Road Signage का कार्य पूर्ण कराया हुआ पाया गया, कि0मी0 0.5 एवं कि0मी0 1.5 पर 02 Nos Box Culvert का निर्माण पूर्ण एवं प्राक्कलन में 2000 मी0 RCC Drain का प्रावधान किया गया है, जिसमें 1990 मी0 लम्बाई में RCC Drain का निर्माण पूर्ण पाया गया एवं शेष बचे हुए 10 मी0 लम्बाई में कार्य प्रगति में है। पथ में बाधक बने वृक्षों के पातन का कार्य भी किया हुआ पाया गया। कार्य पूर्ण होने में हुए देरी के कारण पृच्छा करने पर कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्र होने के कारण अतिक्रमण हटाने एवं पथ में बाधक बने वृक्षों के पातन हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त होने में विलम्ब हुआ। जिसके आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक– 31.10.2024 तक अतिरिक्त समयवृद्धि की मांग की गयी है।

कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पथ में यूटिलिटी शिफिटिंग का कार्य भी पूर्ण करा लिया गया है। इस हेतु विद्युत विभाग से कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र की मांग की गयी है, जो अब तक अप्राप्त है। कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि पुनः विद्युत विभाग से संपर्क स्थापित कर कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ली जाय।

पुनरीक्षित प्राक्कलन में शामिल चहारदिवारी के निर्माण से संबंधित पृच्छा करने पर कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि चहारदिवारी निर्माण हेतु संवेदक को निदेशित किया गया है। उक्त चहारदिवारी का निर्माण सहित पथ में शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है। वर्त्तमान में पथ की स्थिति संतोशजनक है।

(हस्ताक्षर) 8/10/24
अधीक्षण अभियंता
भोजपुर पथ अंचल, आरा।

ज्ञापांक 1159 / दिनांक 09.10.24 /

प्रतिलिपि :– (1) अभियंता प्रमुख(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना,
(2) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना,
(3) मुख्य अभियंता, (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ समर्पित।

(हस्ताक्षर) 9/10/24
अधीक्षण अभियंता
भोजपुर पथ अंचल, आरा।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक 1159 / दिनांक 09.10.24 /

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर को सूचनार्थ तथा निरीक्षण प्रतिवेदन में दिये गये निर्देश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/10/24

अधीक्षण अभियंता
भोजपुर पथ अंचल, आरा।

9/10/24